तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024

11 छात्र जीवनकाल का स्वर्णिम समय होता है ...

11 महाविद्यालय में स्वयंसेवकों को दिलाई स्वच्छता ...




## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

# बनसागर में दस्त से दूसरी मौत, स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनसागर/कांकेर

दस्त का प्रकोप नरहरपुर विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम बनसागर में फैला हुआ है। दस्त से ग्रसित एक महिला की 30 सितंबर को उचित उपचार नहीं मिल पाने के कारण हो गई। मौत के बाद ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से कैंप लगाने की मांग की। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने बस खाना पूर्ति के लिए ही कैंप लगाया। विभाग की लापरवाही के चलते 3 अक्टूबर को दस्त से दूसरी मौत हो गई।

बनसागर में दस्त का प्रकोप बना हुआ। दस्त से एक महिला की मौत होने के बाद ग्रामीणों में दहशत था। दस्त से परेशान ग्रामीण बनसागर निवासी रामकरण निषाद पिता समरू राम निषाद का 3 अक्टूबर की रात को मौत हो गई। शासन से कैंप लगाकर मरीजों का ईलाज करने के लिए गुहार लगाया गया। विभाग ने समस्या के निवारण के लिए बनसागर के रंगमंच में कैंप तो लगाया, लेकिन नाममात्र का। कैंप से ग्रामीणो को कोई लाभ नहीं मिल रहा हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार कैंप में मरीज अपना इलाज करवाने के लिए पहुंच रहें हैं। ईलाज के नाम पर उन्हें मात्र दवाई और ओआरएस का पैकेट दिया जा रहा है। एक मरीज गंभीर रूप से दस्त की बीमारी से ग्रसित था। मरीज ने इंजेक्शन लगाने की बात कही तो इलाज करने आए कर्मचारी ने इंजेक्शन नहीं होने की बात कहते हुए मरीज को चलता किया। किसी भी मरीज को न इंजेक्शन लगाया जा रहा ▶▶| शेष पेज 10 पर

### लगातार हो रही मौत से ग्रामीणों में दहशत का माहौल



#### एक सप्ताह में हुई दूसरी मौत

बनसागर में दस्त से एक महिला की 30 सितंबर को मौत होने के बाद ग्रामीणों में बीमारी को लेकर दहशत बनी हुई है। गांव के अन्य लोग दस्त की समस्या से जुझ रहें थे। स्वास्थ्य विभाग से कैंप लगाकर इलाज करने की मांग करने के बाद विभाग द्वारा गांव के रंगमंच में कैंप लगाया गया। कैंप से लोगों तो राहत नही मिली लेकिन दस्त के कारण एक सप्ताह के भीतर दूसरे ग्रामीण ने दम तोड़ दिया।

धर्म- कर्म : समितियों ने दुर्गा पंडाल में पूजा- अर्चना कर प्रतिमाओं की स्थापना की

# शारदीय नवरात्रि का भक्तिमय माहौल में शुभारंभ, मंदिरों में प्रज्ज्वलित हुए ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शारदीय नवरात्र के प्रारंभ में 3 अक्टूबर को मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना की गई व जगह जगह पंडालों में माता की प्रतिमा को विराजित किया गया। शीतलामंदिर, आदि शक्ति मां सिंहवाहिनी मंदिर व अन्य मंदिरों में गुरुवार को पूजा अर्चना के बाद कलश स्थापना किया गया। कलश स्थापना में प्रत्येक श्रद्धालु अपने हाथों से अपने कलशों को प्रज्वलित किए। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर के शीतला मंदिर, गढ़िया पहाड़, संतोषी माता मंदिर व अन्य मंदिरों में ज्योति कलश का स्थापना किया गया। इसी दौरान सिंह वाहिनी मंदिर में सुबह से तैयारियां शुरू की गई थी। जिसके बाद पूजा से पहले आंगादेव को आगवानी कर मंदिर में लाया गया। पूजा शुरू कर मुख्य ज्योति कलश को प्रज्वलित किया गया व बाकी कलशों में ज्योत प्रज्वलित करने के लिए प्रत्येक श्रद्धालुओं द्वारा अपने हाथों से कलशों को प्रज्वलित करवाया गया। ज्योति कलश प्रज्वलित करने के बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह मूर्ति की स्थापना गाजे बाजे के साथ किया गया। शीतला मंदिर में सायं साढ़े 4 बजे ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। श्रद्वालु अपने ज्योति कलश को अपने हाथों प्रज्जवलित किया। राजापारा में स्थित सिंह वाहिनी मंदिर सुबह साढ़े 11 बजे पूजा की शुरूआत की। माता की पूजा के बाद कन्या पूजन कर हुआ। मोहल्ले की बालिकाओं की पूजा कर उन्हें नारियल व केला देकर भोग लगाया गया। आशीर्वाद लिया गया। कन्यापूजन के बाद भैरव बाबा की पूजा कर 12 बजे तीन मुख्य ज्योति कलश को प्रज्ज्वलित किया गया। बाकी कलशों में ज्योत प्रज्ज्वलित करने के लिए श्रद्धालुओं ने उत्साह दिखाया।




#### पंडालों में विराजी माता की प्रतिमा

शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर के जगह जगह पंडालों में माता की प्रतिमा की स्थापना की गई। शारदीय नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से पंडाल को तैयार कर माता की प्रतिमा लेने के लिए ढोल बाजों के साथ पहुंचे जो कुम्हारों के पास माता की प्रतिमा की पूजा कर अपने पंडालों में ले जाकर विराजित किए। माता की प्रतिमा विराजमान करने के बाद उपवास धारण किए भक्त पूजा में सम्मलित होकर जोति कलश की स्थापना की, जिसके बाद माता के दरबार में भजन कीर्तन किया गया।



#### बंजारी माता मंदिर में जली आस्था की ज्योत

बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में प्रथम दिन से ही भक्तों का ताँता लगना प्रारम्भ हो गया है। पंडित आचार्य तामेश्वर प्रसाद तिवारी ने मंत्रोचारण के साथ मनोकामना ज्योत प्रज्वलित हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिशचंद सिन्हा ने बताया कि इस बार 567 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। सचिव भूपेंद्र सिन्हा, सोहन सिन्हा, भगवानी राम, संवात राम, प्रवीण सिन्हा सहीत ग्रामवासीयों ने बताया है कि इस नवरात्र के पंचमी तिथि को रात 9 बजे से लोकसंध्या सांस्कृतिक कला मंच की प्रस्तुति होंगी एवं विसर्जन के दिन श्री बजरंग आयरन ओर माइंस द्वारा भंडारा वितरण किया जाएगा।

# नौकरी लगाने का झांसा देने वाले पांच सह आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम सिंगारवाही के दो सगे भाइयों को नौकरी लगाने का झांसा देखकर लाखों की ठगी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने पकड़कर जेल दाखिल किया था। विवेचना के दौरान मुख्य आरोपी के अलावा पांच अन्य आरोपी को नरहरपुर पुलिस ने हिरासत में लिया।

एसपी आईके ऐलेसेला, एएसपी मनिषा ठाकुर रावटे के निर्देशानुसार एवं एसडीओपी अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन पर नरहरपुर के अपराध क्रमांक 104/2024 धारा 420, 34 भादवि के प्रकरण के मुख्य आरोपी कोण्डागांव जिला के माकड़ी निवासी 24 वर्षीय घनश्याम नाग पिता माहरू राम नाग जो अपने आपको डिप्टी कलेक्टर बताकर नरहरपुर थानांतर्गत सिंगारवाही निवासी 26 वर्षीय रविंद्र कुमार यादव पिता विष्णु राम यादव और 28 वर्षीय जितेन्द्र यादव पिता विष्णु राम यादव को तहसील कार्यालय नरहरपुर में बाबू एवं कम्प्युटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने का झांसा एवं लालच देकर विभिन्न किस्तों में योजनाबद्ध तरीके से साजिश रचते हुए अन्य-अन्य खातों में कुल 6 लाख 78 हजार 905 रुपए की ठगी की थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 सितंबर को प्रकरण के मुख्य आरोपी घनश्याम नाग पिता महरू राम नाग एवं उसके द्वारा घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 एनके 2057 को जप्त कर एवं प्रकरण में संलिप्त मुख्य सह आरोपी धनेश्वर नाग पिता महरू राम नाग दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था।

प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी माकड़ी निवासी 24 वर्षीय हेमलाल नाग उर्फ खेमु पिता समलू नाग, 28 वर्षीय नरेन्द्र सेन पिता चन्द्रहास सेन, 28 वर्षीय मनीष कुमार नेताम पिता रमेश, ओटेंडा निवासी 32 वर्षीय बुधराम नेताम पिता राजूराम नेताम, रांधना निवासी 24 वर्षीय खेमलाल भारद्वाज पिता चंदन भारद्वाज को मेमोरेण्डम कथन एवं गवाहों के बयान से अपराध कारित करने में ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### गांधी जयंती पर ग्रामीणों ने गली मुहल्ले में की साफ-सफाई

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गूकोंदल ब्लॉक के आश्रित ग्राम आमागढ़ मे गांधी जयंती पर ग्रामीणों ने गली, मुहल्ले, मैदान सहित पूरे ग्राम को स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया। 2 अक्टूबर को दिनभर ग्राम के महिला बुजुर्ग सियान और युवा वर्ग भी साफ सफाई कार्य में लगे रहे। ग्राम के युवा गिरीश मांझी, पंकज उइके, मनीष नरेटी, हरिचंद मेरिया, राम लाल शर्मा, योगेश निषाद, दिनेश मेरिया, महिलाएं झुना बाई निषाद, रम्भा बढ़ाई, देवकी नरेटी, उत्तरा सिन्हा, शांति बाई उइके, रामों बाई उइके, सरोज सिन्हा, हेमा मांझी सहीत सभी ग्रामवासी स्वच्छता के प्रति आगे आकर साफ सफाई कार्य में जुटे रहे।

### हारुण किस्म की धान खेतों में तैयार, किसान फसल कटाई में व्यस्त




**दुर्गूकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गूकोंदल में पिछले दिनों लगातार बारिश होने से किसानों के लिए मुसीबत आ गई थी एवं वहीं हारुण किशम की धान खेतो में तैयार हो चुकी है, जिसके लिए किसान धान कटाई में लग गए हैं। ग्रामीण अंचलों के गांवों में हरुना किस्म के धान की फसल तैयार होने के बाद किसान कटाई में जुट गए हैं। कम समय में पकने वाले धान पूरी तरह से तैयार हो गई है ऐसे में विकासखण्ड अंतर्गत ग्रामों में सहित अन्य गांव में किसानों ने फसल कटाई शुरू कर दी है। दुर्गूकोंदल ब्लॉक के लगे हुए गांव में फसल तैयार होने के बाद अधिकांश किसान फसल कटाई में व्यस्त हैं।

### सेंट्रिंग निकाल रहे मजदूर की गिरने से हो गई मौत

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम चौगेल में सेंट्रिग निकालते समय बालोद जिला के डौण्डीलोहारा निवासी 49 वर्षीय चिंताराम ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत शिवनगर चौक के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। मृतक किराये के मकान संजय नगर की ओर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन चालक ने युवक को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। विवेचना में पाया गया कि मृतक हल्बा चौकी अंतर्गत हटकाचारामा निवासी 27 वर्षीय जेठमल सलाम पिता मनराखन सलाम 30 सितंबर को मोटर सायकल सीजी 07 एलडब्लू 1211 में सवार होकर संजय नगर किराये के मकान में जा रहा था। रात करीबन 8 बजे शिव नगर चौक के पास पहुंचा था कि संजय नगर की ओर से आ रही अज्ञात कार का चालक अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गया। मृतक की मौत अज्ञात कार के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आई गंभीर चोट से होना पाया गया। आरोपी अज्ञात कार चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## बाऊंड्रीवाल तोड़ा व वाहन को कर दिया क्षतिग्रस्त

- पति-पत्नी के खिलाफ हुई शिकायत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत मर्रामपानी में बाड़ी में बने बाऊंड्रीवाल को तोड़ने व समान को दुकान के बाहर फेंकने की बात को लेकर विवाद हो गया। पति-पत्नी ने मिलकर पीड़ित के साथ विवाद किया व जान से मारने की धमकी दिया। साथ ही मोटर सायकल को क्षतिग्रस्त कर दिया। थाने में शिकायत करने पहुंचे मर्रामपानी निवासी जगतराम कोर्राम पिता विश्राम सिंह कोर्राम ने पुलिस को बताया कि खेती बाड़ी के साथ घर में ही छोटा सा दुकान का संचालन करता हूं। आरोपी जगदीश कोर्राम पिता विश्राम सिंह और उनकी पत्नी जयन्ती कोर्राम द्वारा 2 अक्टूबर को जबरन मेरे ▶▶| शेष पेज 10 पर

## मुड़पार में गांधी जयंती पर ग्रामसभा का आयोजन



सरोना। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम मुड़पार दखनी में एक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आवास प्रदान करने की दिशा में आवश्यक निर्देश देना था। सभा में उपस्थित ग्रामीणों और बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उन्हें गमछा भेंट किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुमित्रा वट्टी, ग्राम सभा अध्यक्ष नीरा मंडावी, सचिव पुरुषोत्तम सोमवंशी, रोजगार सहायक चमता कावड़े और कई अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामसभा ने यह सुनिश्चित किया कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर वितरित किया जाए, ताकि ग्राम विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सके। इस विशेष आयोजन ने ग्रामीण समुदाय में एकता और सहयोग की भावना को और भी प्रगाढ़ किया। इस सभा से यह स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायत विकास के प्रति गंभीर है और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने में तत्पर है। यह आयोजन न केवल गांधी जयंती की भावना को आगे बढ़ाता है, बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों और आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।

# पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पंखाजूर पुलिस ने शुरू की विवेचना

पखांजुर के आवासपारा में अपने मायके में रह रही महिला के साथ पति द्वारा लगातार मारपीट करने से परेशान पत्नी ने पखांजुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी शराब के नशे में महिला के मायके आता और पत्नी व ससुर के साथ हाथापाई करता था। थाना में शिकायत करने पहुंची आवासपारा पखांजुर निवासी 29 वर्षीय अल्का वर्मा पति दीपक वर्मा ने पुलिस को बताया कि 23 सितंबर को सुबह करीबन 8 बजे पिता के किराना दुकान में बैठी थी। तब उसके पति दीपक वर्मा शराब पीकर दुकान के अंदर घुसकर मोटर सायकल के क्लच तार से बहुत मारपीट किया, जिससे चोटें आई। मारपीट करने से पीठ पर निशान आ गया और शरीर में सूजन हो गया। मेरे पिता के द्वारा बीच बचाव करने पर धक्का मारकर गिरा दिया और हम दोनों को जान से मारने की धमकी देने लगा। जहां भी देखूंगा वहीं पर जान से मार दूंगा, तू घर से निकल कर दिखा बोलते हुए गाली देने लगा। पिछले डेढ़ वर्ष से पति से अलग अपने मायके आवासपारा पखांजुर में अपने पिता के घर अपनी बेटी के साथ रह रही हूं। मेरे पति दीपक वर्मा के द्वारा लगातार शराब के पीकर मेरे पिता के घर में आकर मुझें मारते एवं पीटते है और गाली देते हैं। मायके में रहना काफी कठिन हो गया है। पति के कृत्य से काफी भयभित हूं, घर से निकल नहीं पा रही हूं। थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने आ रही थी तब भी रास्ते में मेरे ▶▶| शेष पेज 10 पर



यातायात और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से लगाया है शिविर

# शिविर में पहुंचे सांसद और बनवाया अपना लर्निंग लायसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- तीसरे दिन 280 लोगों का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया

यातायात और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए नरहरदेव स्कूल कांकेर में शिविर लगाया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन सांसद शिविर का लाभ लेने पहुंचे और अपना लर्निंग लाइसेंस बनवाया। आवेदकों के भीड़ को देख दस्तावेज को विकासखण्ड अनुसार इकट्ठा कर अलग-अलग सिस्टम में शांतिपूर्ण तरीके से लायसेंस बनाने का काम जारी रहा।

एसपी आईके एलिसेला के निर्देशानुसार, एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी यातायात अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी दीपक साँव एवं यातायात टीम और परिवहन विभाग के टीम के साथ समन्वय बनाकर नरहरदेव स्कूल में लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए स्कूली बच्चों एवं आम नागरिक के लिए लगातार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के तीसरे दिन भी लायसेंस बनवाने के लिए काफी संख्या में आवेदक पहुंचे और अपना लर्निंग लायसेंस बनवाया। शिविर के तीसरे दिन 2 अक्टूबर को कांकेर के सांसद भोजराज नाग भी शिविर में पहुंच कर अपना लर्निंग लाइसेंस बनवाया। साथ ही साथ लोगों की सुबह से भीड़ जारी रहा। दस्तावेज ब्लॉक वाइस इकट्ठा कर अलग-अलग सिस्टम में शांतिपूर्ण तरीके से बारी-बारी सभी नागरिकों का लाइसेंस बनाया गया।



#### शाम तक लगी रही भीड़

शिविर के तीसरे दिन लगभग 280 लोगों का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर 3 अक्टूबर को भी सुबह 9 बजे से प्रारम्भ किया जाएगा जो शाम 7 बजे तक चलेगा।

### आंवरी के रानी मां मंदिर में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित

**चारामा।** नगर से 4 किमी की दूरी में ग्राम आंवरी के पहाड़ में बारह गांव की देवी रानी मां का मंदिर है। इस वर्ष माता के दरबार में मनोकामना ज्योत घी के 102 ज्योत तथा तेल के 170 ज्योत कुल 272 ज्योत प्रज्वलित किया गया है। माता रानी के दरबार में हर दिन सुबह से शाम तक सेवा गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रखी गई है। 7 अक्टूबर को श्रीपंचमी,10अक्टूबर को अष्टमी हवन पूजन एवं11अक्टूबर को कन्या भोज एवं ज्योत कलश विसर्जन किया जाएगा। मंदिर समिति के पदाधिकारी सत्कार पटेल और महेश साहू ने बताया कि माता के श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत 7 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था जवारा पेडरी ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेसियों ने बापू एवं पूर्व पीएम शास्त्री को याद कर किया नमन



**कोण्डागांव।** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस भवन में स्मरण सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद कर उनके योगदान और विचारधारा पर प्रकाश डाला और उन्हें नमन किया। सभा में कोंडागांव कांग्रेस मंडल अध्यक्ष द्वय नंदू दीवान, नरेंद्र देवांगन, ब्रिज सोढ़ी, कोंडागांव नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, उमेश साहू, पार्षद योगेंद्र पोयाम, अनीता पोयाम, मीना साहू, कामदेव कोर्राम, गन्नू पोयाम, रमेश मरकाम सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों और योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

## वनकर्मियों ने श्रमदान कर परिसर में की साफ- सफाई



**फरसगांव।** स्वच्छ भारत मिशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महात्मा गांधी की जयंती पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के तहत श्रमदान में आम से लेकर खास लोगों ने अपनी हिस्सेदारी दर्ज कराई। इस क्रम में वन परिक्षेत्र फरसगाँव, वन परिक्षेत्र बड़ेडोंगर एसडीओ कार्यालय में वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने श्रमदान कर साफ सफाई की। जिसके बाद सभी को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। इस मौके जनपद एसडीओ टीआर मरई, फरसगाँव रेंजर आरएसएस यादव, बड़ेडोंगर रेंजर नरेंद्र मेश्राम , सुशीला नेताम, मोहन नाग, द्वारिका नाइक, यशवंत नायक, शिवनाथ सेठिया, मानसिंह नेताम, डोमार सिंह नेताम , गजेंद्र नाईक, संध्या नाग, चाँदनी मरकाम, गुदराम मरकाम, सरिता मरकाम , किशोर भुआर्य , रामसुरज कोर्राम, तेन सिंह भोयर , महेंद्र मण्डवी, अनिल मरकाम, आदित्य वर्मा, हरि नेताम सहित अन्य लोगों ने भागीदारी निभाई।

## धुरवा समाज ने मनाया नवाखानी मिलन समारोह



**जगदलपुर।** प्रकृति के गोद में बसे कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले गांव कावापाल तहसील नानगुर बस्तर में संभागीय धुरवा समाज का नवाखानी तियार, मिलन समारोह कार्यक्रम आज बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया। बस्तर संभाग के सभी जिलों से आये 68 क्षेत्रों के लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। धुरवा समाज के इस कार्यक्रम में उड़ीसा से भी धुरवा जनजाति के लोग सांस्कृतिक नाचा दल के साथ बड़ी संख्या में आये हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव गोसिन माय जलनी आया, मावली आया, अमर शहीद वीर गुडांधुर, वीर ढेबरी धूर की सेवा अर्जी देकर किया गया।

अभियान : ग्रामसभा में वृद्धजनों का सम्मान कर जागरुकता के लिए बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# मारागांव संकुल में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम मारागांव विकासखंड माकड़ी में विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। स्वच्छता के संबंध में संदेश एवं जागरुकता के लिए प्रातः से ही स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणजनों ने रैली निकाली। विभिन्न चौक चौराहों शाला परिसर आदि की साफ सफाई किया स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। सभा में बच्चों ने स्वच्छता एवं ग्राम विकास से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए उपस्थितजनों ने स्वच्छता एवं नशामुक्ति के लिए शपथ लिया।

शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने एवं जानकारी प्रदान करते रामदेव कौशिक संकुल समन्वयक मारागांव ने शालाओं में संचालित योजनाओं का लाभ जिसमें निशुल्क छात्रवृत्ति गणवेश पाठ्यपुस्तक साइकल के साथ–साथ जाति प्रमाण पत्र एवं अपार आईडी कार्ड बनाने की जानकारी दी। श्रीमती बेला रानी विश्वास एवं श्रीमती रेशमा ठाकुर ने स्वास्थ्य कुपोषण आयुष्मान कार्ड बनाने सहित महिला स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नोडल अधिकारी श्रवण नाग सरपंच राजा नेम सचिव सुखचंद मरकाम राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ स्वयंसेवक देवेश शोरी शिक्षक श्रीमती सिया पोयम, मनीराम नेताम, श्रीमती दिव्या देवांगन, श्रीमती कुंती देशमुख, श्रीमती उर्मिला ध्रुव, लितु सलाम पानो बाई पर लीला शंकर सोरी देवलाल सोरी, संजय पोयाम, सुकमन नाग, अंधारू राम नेताम, रामसाय नेताम, मंगल राम नेताम, नंदलाल नेताम, सुगरदास मानिकपुरी, बालनाथ नेताम, श्रीमती मालती सोरी, इतवारीन नेताम, बुधराम नेताम, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शामपुर में एनएसएस स्वयंसेवको ने स्वच्छ भारत बनाने का दिया संदेश



**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विकासखंड माकड़ी जिला कोंडागांव द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 1 अक्टूबर से 2 अक्टूबर तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिवस पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर बस्तर एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डीएल पटेल जिला संगठन शशि भूषण कन्नौज के दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिदार द्वारा स्वयंसेवकों से मिलकर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संपादित कर साफ सफाई करते हुए जागरुकता रैली निकाल कर सिंगल पॉलिथीन एकत्रीकरण कर सभी सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ किया गया। स्वच्छता अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण जनों का विशेष योगदान रहा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की अंतिम दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर समस्त स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं द्वारा मिलकर मानव श्रृंखला बनाकर भारत देश को एक नया भारत, स्वच्छ भारत बनाने का संकल्प लिया गया। संस्था प्रमुख अनूप कुमार विश्वास सर ने उद्बोधन में कहा की केवल स्वच्छता पखवाड़ा लगाकर अपने आप को सीमित नहीं रखना है। बल्कि जीवनभर स्वच्छता के प्रति सजग रहकर अपने मोहल्ला, गांव, शहर ,राज्य, देश को स्वच्छ रखने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल एस एल नेताम सर, बी आर मंडावी सर, अनिल पैंकरा सुशील सिंह राजेश नेताम गावडे सर सुश्री रश्मि चंद्रवंशी गीता ठाकुर संजू साहू विनीता सेठिया चेतना यादव मुस्कान गुप्ता विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## एनएसएस जैतपुरी ने स्वच्छता को आदत में शामिल करने का किया आव्हान




**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हायर सेकेंडरी स्कूल जैतपुरी में गांधी जयंती एवं जय जवान जय किसान के प्रणेता लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को विशाल नशा मुक्ति अभियान एवं स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य बसमन नेताम ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लेते हुए स्वच्छता पखवाड़ा में दिनांक 17सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवको को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

गांधी जयंती जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान भी चलाया गया जहां स्वयंसेवकों ने जैतपुरी से मोहण्ड पारा सड़क के किनारे उगे खरपतवार एवं कचरा को साफ कर साफ सफाई कर ग्रामवासियों को जागरूक किया। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर जनपद सदस्य बसमन नेताम ने अपने उदबोधन में स्वच्छता को जीवन पर्यंत अपने एवं सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य राजकुमार रामटेके के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का लगातार आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने की सलाह दी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताएं रास्ते सत्य अहिंसा पर चलते हुए स्वच्छता अभियान को निरंतर चलाए रखने के लिए प्रेरित किया स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में एनएसएस के स्वयंसेवक के एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता संदेश



**कोण्डागांव।** स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता का महत्व समझाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया। रैली का नेतृत्व उत्तरा कुमार कश्यप,प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एनएसएस राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी, शिक्षकों, न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा की गई। जिन्होंने न्यायालय परिसर से लेकर जयस्तंभ चौक तक रैली निकाली। रैली को उत्तरा कुमार कश्यप द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के दौरान स्वच्छ भारत के नारों के साथ सभी ने शहर में स्वच्छता बनाए रखने, वातावरण को स्वच्छ रखने तथा घर के आसपास कचरे के सही निपटान का संदेश दिया। रैली के उपरांत न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं एनएसएस के छात्रों ने भाग लिया। पौधारोपण के माध्यम से स्वच्छ वातावरण के महत्व को समझाते हुए समाज को स्वच्छता की दिशा में जागरूक होने की प्रेरणा दी गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप ने महात्मा गांधी के स्वच्छता और सत्याग्रह के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं है। बल्कि यह हमारे आंतरिक और सामाजिक जीवन का भी अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों और शहरवासियों को महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने और अपने जीवन में अमल करने का आह्वान किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को महात्मा गांधी के सिद्धांतों को जीवन में उतारने और स्वच्छता को दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ते प्रदूषण और गंदगी से मुक्ति पाने का सबसे बड़ा तरीका यही है कि हम खुद पहल करें और इस सफाई अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लें। समाज में स्वच्छता बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ वायु, जल और पर्यावरण देने का यह संकल्प इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा।

## जल जीवन मिशन के कार्यों का मिशन संचालक ने किया निरीक्षण



**कांकेर।** जिले के चारामा विकासखंड की ग्राम पंचायत रतेडीह, कुर्रूटोला, कानापोड़ एवं डेढ़कोहका में जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण मिशन संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुर्रे द्वारा किया गया। उनके द्वारा ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत बनाए गए उच्च स्तरीय जलागार, सोलर आधारित योजना, नल कनेक्शन, पाइप लाइन एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई। उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत कर जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजना से जुड़े लाभ के बारे में जानकारी ली एवं अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश पीएचई के कार्यपालन अभियंता को दिए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता जीएल लखेरा, कार्यपालन अभियंता बीएन भोयर, सहायक अभियंता राजेश हिरकने, जिला समन्वयक निशा वामन, विभागीय कर्मचारी सहित ग्राम के सरपंच और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पीजी कालेज ने उड़कुड़ा में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में गांधी जयंती के अवसर पर एवं 17 से 02 अक्टूबर तक चालाए जाने वाले स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में सभी स्टाफ संग छात्र-छात्राओं ने पूरे महाविद्यालय भवन की साफ-सफाई की और 02 अक्टूबर गांधी जंयती के अवसर पर भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय उप क्षेत्रीय केन्द्र जगदलपुर द्वारा ग्राम उड़कुड़ा में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत अभियान चलाया गया।

उड़कुड़ा में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन में मानव विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास के विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक शामिल हुए। महाविद्यालय के विद्यार्थी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं ग्रामवासियों के द्वारा शैलचित्रों के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हम सब को स्वच्छ रहना है। आस-पास एवं पर्यावरण के साथ मस्तिष्क को भी स्वच्छ रखना है, क्योंकि अस्वच्छता से असहजता महसूस होता है। महाविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है जहां हम बैठकर शिक्षा और ज्ञान अर्जन करते है, इसलिए महाविद्यालय को स्वच्छ बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होने महाविद्यालय की साफ-सफाई के लिए सभी प्राध्यापकों, विद्यार्थियां को स्वेच्छा से और दिल से जुडकर साफ-सफाई में योगदान देने को कहा और समाजशास्त्र, इतिहास के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को प्राचीन शैल चित्र एवं उनकी महत्ता पर प्रोजेक्ट कार्य करने को कहा। इस प्रोजेक्ट का प्रकाशन एवं इसकी एक कॉपी छत्तीसगढ़ पुरातत्व विभाग को भेजने की बात कही। पद्श्री अजय मण्डावी ने आस-पास के पौराणिक सम्पदा को सहेज कर रखने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। उडकुड़ा में प्राचीन समय के मानव रहवास के प्रमाण मिले हैं, जो कि भौगोलिक स्थिति से स्पष्ट होता है। मानव विज्ञान संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय के डारेक्टर एवं मानव विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.पीयूष रंजन साहू ने बताया कि ये शैलचित्र पांच हजार से चालीस हजार पूर्व के है। विकास क्रम में हिमयुग पश्चात समुद्र का जल स्तर नीचे आने से आदिम लोग इन पहाड़ों से नीचे आए और ये पहाड़ों पर जगली अवस्था में रहते थें तभी उन्होंने इन शैल चित्रों को विभिन्न गुफाओं में उकेरा हैं। तत्पश्चात ये जल स्तर कम होने पर नीचे आए और कृषि करने लगे, जिससे ये धीरे-धीरे कबीलों में निवास किए। कृषि के साथ सम्पति की अवधारणा आई एवं सभ्यता के विकास के साथ ग्राम और शहर बने।

सेवा निवृत्त पूर्व आईपीएस अकबर कोर्राम ने बताया कि वे इसी गांव के है और इसी गांव में पले बढ़े है। प्राचीन समय में गांव पत्थरों में निवास करता था, बहुत गर्मी और तपन के कारण ग्राम वासियों ने पेड़ लगाया तब जा कर आज यहां हरियाली है। बाहरी लोगों के प्रवेश से यहां अब पाउच पन्नी आने लगे हैं जिसकी सफाई बहुत जरूरी हैं। ग्राम उड़कुड़ा में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाने का एक मात्र उद्देश्य इस प्राचीन धरोहर को भारतीय पुरातात्विक संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए, ताकि इन शैलचित्रों को संरक्षित किया जा सकें। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक रत्नाप्रिया और तरूणा मण्डावी द्वारा स्वच्छता के महत्व को बतालाया गया।

स्वच्छता अभियान में पूर्व सेवा निवृत्त आईपीएस अधिकारी जगमोहन वट्टी, गायता जानसिंह जुर्री, सरंपच प्रतिनिधि विरेन्द्र तारम, शिक्षक मोहन जायसवाल, जनपद पंचायत सदस्य, महाविद्यालय के डा. व्हीके रामटेके, डा. एसआर बंजारे, डा. लक्ष्मी लेकाम, डा. एलआर सिन्हा, डा. अर्चना सिंह, डा. बसंत नाग, प्रो. एनआर साव, डा. आर कुलदीप, प्रो. सुरेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रो. सुमिता पाण्डेय, प्रो. अलका केरकेट्टा, डा. पूनम साहू, डा.रामचंद साहू, डा. राजेश शुक्ला, देवव्रत पटेल सहित समस्त विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कार्यालयीन स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## जल जीवन मिशन के संचालक ने की नल कनेक्शन पाइपलाइन एवं जलागार सहित अन्य कार्यों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कांकेर और कोंडागांव जिले में मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम रतेडीह, कुरुटोला, कानापोड़ एवं डेढ़कोहका में विभागीय अधिकारियों के साथ कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. भुरे ने कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड के गुलबापारा में भी मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों का अवलोकन किया। जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. भुरे ने इन गांवों में मिशन के तहत बनाए गए उच्च स्तरीय जलागार, सोलर आधारित योजना, नल कनेक्शन, पाइपलाइन एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर नल के माध्यम से जल आपूर्ति की जानकारी ली। डॉ. भुरे ने विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

मिशन के कार्यों के निरीक्षण के दौरान उनके साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोंडागांव मंडल के अधीक्षण अभियंता जी.एल. लखेरा, कांकेर के कार्यपालन अभियंता बी.एन. भोयर, कार्यपालन अभियंता विरेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता राजेश हिरकने, उप अभियंता आर.पी. जोशी और निभा कोर्राम सहित सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

पेज 9 का शेष...

### बनसागर में दस्त...

ना ही ग्लूकोज की बोतल लगाई जा रही है। जो दवाइयां मितनीन के पास मिल जाता है बस वही दवाई को कैंप लगाकर दिया जा रहा है। कैंप में चिकित्सक कब आते है कब जाते हैं यह किसी को पता नहीं है। स्थानीय विभाग ने अपनी रोटी सेकने के लिए कैंप के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। एक सप्ताह के भीतर दस्त से दूसरी मौत से विभाग की लापरवाही उजागर हो गई है। ग्राम बनसागर निवासी एक महिला भानो बाई पति खिरमीट सलाम दस्त की समस्या से ग्रसित थी। उचित उपचार नहीं मिल पाने के कारण 24 घंटे के अंदर 30 सितंबर को उसकी मौत हो गई। मृतिका के अलावा अन्य ग्रामीण अब भी दस्त की समस्या से ग्रसित थे, आने वाले समय में यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाने की संभावना को देखते हुए ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग को गांव में कैंप की बात कही थी।

### नौकरी लगाने का...

संलिप्त जाए जाने पर 10 अक्टूबर को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान

आरोपियों की गिरफतारी एवं विवेचना कार्यवाही में थाना प्रभारी सुरेश कुमार राठौर, उपनिरीक्षक पवन पुनीत तिर्की, सउनि बुधारू राम मरकाम, प्रधान आरक्षक संवलूराम नेताम आरक्षक महेन्द्र चनापे, राहुल जाटव, लच्छन जुरी, अंकालू राम नेताम एवं अन्य थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### बाऊंड्रीवाल तोड़ा व...

बाड़ी में लगे डेखरा व बाउंड्री किए हुए घेराव को उखाड़कर मेरे दुकान के सामने फेंक दिया। साथ ही मेरे बेटा जो मोटर सायकल बनाने का काम करता है। ग्राहक ने मोटर सायकल बनाने दिया गया था, जिसे वहीं पर खड़ा किया गया था। उसे भी लकड़ी से मार दिया गया, जिससे मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों आरोपी ने गाली देते हुए हाथ-पैर तोड़ने व जान से मारने की धमकी दिया है। बार-बार विवाद करने व मारने की धमकी देने से वह तथा उसका परिवार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ति है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पत्नी के साथ...

पति के द्वारा मेरा गला व हाथ पकड़ कर खींचातानी किया और गाली दिया। रास्ते में हाथ मुक्का से मारपीट कर यह धमकी दिया कि यदि थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएगी तो तुझे जान से मार दूंगा, किसी को कुछ भी पता नहीं चलेगा। उक्त घटना के बाद जब मैं न्यायालय में आवेदन बनवाने आई तब मेरे पति दीपक वर्मा न्यायालय परिसर में आकर मुझे जान से मारने की धमकी देकर डण्डा लेकर न्यायालय के बाहर मुझे मारने के लिए घूम रहा था। 30 सितंबर को सुबह मायके आकर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किया और मेरा मंगलसूत्र बलपूर्वक पकड़कर तोड़ दिया। अगले दिन 1 अक्टूबर को सुबह फिर से मायके में आया और मारपीट किया है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आंवरी के रानी...

गुण्डरदेही, 8 अक्टूबर को जस झांकी महिषासुर वध साल्हे कच्चे भानुप्रतापपुर, 9 अक्टूबर को लोककला मंच लोकप्रयाग नवापारा राजिम की प्रस्तुति किया जाएगा।

### सेंट्रिंग निकाल...

कोरेटी गिर गया। गिरने से सिर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उसकी 2 अक्टूबर को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान



**जगदलपुर।** स्वच्छता अभियान के समाप्ति दिवस पर भगवान विश्वकर्मा मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें शहर के नागरिक एवं विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए।

### दिसम्बर में सिन्धी प्रीमियर लीग क्रिकेट

**जगदलपुर।** सिन्धी प्रीमियर लीग सीजन 2 दिसम्बर में खेला जाएगा। सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि समाज की पहल पर एसपीएल की शुरूआत की गई। इस बार सीजन 2 के लिए एसपीएल क्रिकेट कोर टीम द्वारा 8 ऑनर्स तैयार कर लिए है। अब ऑनर्स द्वारा अपनी टीम के लिए खिलाड़ियों के ऑक्शन में बोली लगाकर टीम बनाएंगे। इस टीम में बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर जिले से भी सिन्धी समाज के क्रिकेट खिलाड़ियों को लिया जा रहा। सिन्धी पंचायत के सचिव हरेश नागवानी ने बताया इस बार के एसपीएल में 4 महिला क्रिकेट टीम को गांधी मैदान में उतार रहे, जिसकी तैयारी की जा रही। एसपीएल 2 के शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी जगदलपुर आएंगे।

### एकलव्य विद्यालयों के बच्चों को एकलव्य बनाना लक्ष्य : शोरी



**जगदलपुर।** धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में जनजातीय कार्य मंत्रालय के आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गणेश राम शोरी पहुंचे। उन्होंने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम की शुरूवात की। उन्होंने कहा कि हमारे एकलव्यों का लक्ष्य एकलव्य की तरह बनाना हमारी प्राथमिकता में है और एकलव्य विद्यालयों की मेहनत रंग ला रही है। बच्चों के बीच सकारात्मक प्रतियोगिता बढ़ाकर इनका सवांगीण विकास कर देश के विकास का हिस्सा बनाना है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों से बात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर एकलव्य विद्यालयों के प्राचार्यगण मंचासीन रहे। विद्यालयों से बच्चों के साथ पहुंचे प्रभारी शिक्षकगण, सहयोगी शिक्षक तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

### विधायक ने विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं को दिए साइकिल

# छात्र जीवनकाल का स्वर्णिम समय होता है : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या, हाई स्कूल पंडरीपानी, महारानी लक्ष्मीबाई, पनारापारा, केवरा मुंडा, भैरमगंज, जगतु माहरा विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल), हाटकचौरा में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने छात्राओं को 326 साइकिल वितरण किए।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत शहर में छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। बेटियां है तो कल है सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना। उन्होंने कहा कि यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जा रहा है।





शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है। विधानसभा के सभी स्कूलों को व्यवस्थित और बेहतर बनाया जाएगा। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी। महापौर सफीरा साहू एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप ने भी छात्राओं को संबोधित किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, आलोक अवस्थी, नरसिह राव, विद्याशरण तिवारी, पार्षद निर्मल पाणिग्राही, त्रिवेणी रंधारी, कमलेश पाठक, मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, आर्येन्द्र सिंह आर्य, योगेश ठाकुर, प्रकाश झा, योगेश शुक्ला, राकेश तिवारी, कमल पटवा, लक्ष्मण झा, गोविंद ईनाणी, डीईओ बलिराम बघेल, बीईओ मानसिंह भारद्वाज, प्राचार्यगण एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्काउटस गाइड्स का जिला स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बस्तर द्वारा 2 अक्टूबर को सर्व धर्म प्रार्थना सभा एमएलबी कन्या क्र-2 जगदलपुर में किया गया। जिसमें जिला संघ बस्तर के जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे, जिला आयुक्त सह पदेन जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर.बघेल, जिला आयुक्त गाइड सुधा परमार एवं पूर्व डी.ओ.सी. महेश देवांगन की उपस्थितिथि में संपन्न हुआ। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं लार्ड बेडेन पावेल की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यापर्ण कर किया गया। बी.आर.बघेल ने स्काउट्स एवं गाइड्स के अनुशासन बद्ध रहते हुए कार्य करने की शैली की तारीफ की। संजय पाण्डेय ने कहा कि देश कि अक्षुणता को बचाने के लिए हम महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर सर्वधर्म प्रार्थना कर देश में सभी धर्मों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हैं साथ है स्काउटिंग के जरिये समाज में आज के दिन स्वच्छता कार्य कर एवं किसानों और जवानों का सम्मान कर दोनों पुण्य आत्माओं को नमन करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनोज महापात्र जिला सचिव स्काउट गाइड, गिरधर रावटे, अनिल शुक्ला, बृजेश्वरी पोद्दार, भूमिका निषाद, निशा साहू, जयंती लोहाना समेत अन्य की भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में संजय पांडेय ने स्काउट -गाइड, एनसीसी की छात्र-छात्राएं, शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## पदयात्री सेवा केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ...



**जगदलपुर।** जिया डेरा में बस्तर आंध्र समाज के पदयात्री सेवा केंद्र का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू ,वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, बस्तर आंध्र समाज के अध्यक्ष एम जयंत नायडू, सचिव के. सुब्बा राव, यशवर्धन राव एवं समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 2 अक्टूबर को जाबो कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ रानू मेश्राम ने महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई व अपने एवं अपने परिवार के 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि सभी को बिना लालच एवं डर के मतदान करना चाहिए जिससे लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाया जा सके।



## रोमांच से भरपूर होगा डिजनीलैण्ड मीना बाजार



**जगदलपुर।** पावन नवरात्र के पहले दिवस ऐतिहासिक बस्तर दशहरे में मनोरंजन का केन्द्र बिंदू डिजनीलैण्ड मीना बाजार का शुभारंभ महापौर सफिरा साहू द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उनके साथ एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, नरसिंह राव एवं बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल अतिथि के रूप में मौजूद थे।

- बस्तर में पहली बार इन्टरनेशनल एसी फिश टनल

जगदलपुर शहर में इस बार मनोरंजन का जूनून सर चढ़ कर बोलने वाला है। क्योंकि इस बार मेले का आयोजन जगदलपुर में नए अंदाज में प्रारंभ हो रहा है। बस्तरवासियों को पहली बार मीना बाजार में इन्टरनेशनल एसी फिश टनल देखने को मिलेगा जहां हजारों की संख्या में सुंदर मछलियां आपको मंत्र मुग्ध व रोमांचित कर देंगी। हर आयु वर्ग के लोगो को मस्ती का फुल डोस मिले इसका भी ख्याल रखा गया है। जिसके चलते 4 के डेंजर साउथ अफ्रिकन हाई डेफिनेशन 3 डी शो का विशाल सेटअप भी लगाया गया है। साथ ही विभिन्न प्रकार के भव्य व रोमांचक झूले बाह पसारे यहां आपका स्वागत करेंगे। इस भव्य आयोजन में हरिभूमि मीडिया पार्टनर के रूप में शामिल हो रहा है।

# 204 कोबरा के जवानों ने रेलवे स्टेशन की सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

204 कोबरा ने स्वच्छता अभियान के तहत रेलवे स्टेशन की सफाई का कार्य शुरू किया। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत की जा रही है, जिसका उद्देश्य देश के सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। जवानों ने सुबह रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान की शुरुआत की, जिसमें स्टेशन के प्लेटफार्म समेत अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों की सफाई की गई। इस दौरान प्लास्टिक और अन्य कचरे को इकट्ठा किया गया, जिससे स्टेशन के वातावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। इसके पूर्व में भी समय-समय पर 204 कोबरा बटालियन स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु अलग-अलग सार्वजानिक क्षेत्रो में सफाई अभियान का आयोजन करता रहता हैं। विनय कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी-204 कोबरा ने कहा कि हम सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के वातावरण को साफ रखें। इस सफाई अभियान में स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने बल के जवानों का समर्थन किया और इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। यह पहल न केवल रेलवे स्टेशन की स्वच्छता को बढ़ाने का कार्य कर रही है, बल्कि यह समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी प्रयास हैं।



## घुटनों के बल लेटकर देवी दर्शन करने पहुंचा मंदिर...



जगदलपुर। शहर का युवा वीरेन्द्र पाढ़ी एमपीएम अस्पताल के नजदीक कंगोली में रहता है। नवरात्र के पहले दिन वह सुबह घर से निकला और देर शाम दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर देवी दर्शन किया। घुटनों के बल लेटकर वह धीरे-धीरे कई घंटों के बाद लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की। उसने कहा कि मन में आस्था थी इसलिए दिनभर कठिनाई तो हुई लेकिन हिम्मत नहीं हारा। आखिरकार देर शाम मंदिर में देवी दर्शन करने पर शांति मिली। शक्ति देवी मां के पूजा से ही मिलती है।

# महाविद्यालय में स्वयंसेवकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गांधी जयंती के अवसर पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में महाविद्यालय परिसर में महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया गया। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर, शासकीय जकरन भतरा महाविद्यालय बकावंड एवं शासकीय हाई स्कूल करितगांव के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता अभियान का रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू मेश्राम ने कहा कि समाज में स्वच्छता का सकारात्मक संदेश पहुंचाना भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा।



उन्होंने स्वच्छता का महत्व बताया और लोगों को इसकी शपथ दिलाई। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ डी एल पटेल ने बताया कि सभी स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की नींव है।राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो सीपी यादव ने कहा कि सबसे पहले हमें अपने मन को साफ करना चाहिए। फिर हमें अपने आस-पास के वातावरण को साफ रखना चाहिए। जिम्मेदार नागरिक के तौर पर यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज को साफ रखें। दौरान प्राचार्य डा रानू मेश्राम, डॉ डीएल पटेल,डॉ मौसमी विश्वास,प्रिंसी दंतेश्वरी,रूपा यादव, राजू बघेल,तेजस्वी साहू,गोमती नाग, विपिन कुमार,देवेंद्र कश्यप,जागेश शोरी, रश्मि मांडवी, हरसिता नेताम, चंपा मंडल,लिनेश बघेल, देवेंद्र कश्यप,जयलाल वड्डे, लक्ष्मी कश्यप,जय नारायण देवांगन,रितीका नेताम,शांति मरकाम, नितिका नाग, संतोष सेठिया,पूरन सिंह कश्यप, सोमरु कश्यप,जीवन कश्यप, आदि स्वयंसेवको उपस्थि थे।

## हाईस्कूल आंवराभाटा परिसर में की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शासकीय हाईस्कूल आंवराभाटा में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयंती का शुभारंभ महात्मा गांधी व स्व.लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने रंगोली बनाई। विद्यालय परिसर में सीआरपीएफ के जवानों सहित विद्यालय के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से साफ-सफाई की। विद्यालय में यत्र-तत्र फैले कचरे, पॉलीथिन तथा अन्य सामग्रियों को इकट्ठा कर स्कूल परिसर को स्वच्छ किया गया। सुनीता गोस्वामी प्राचार्या हाईस्कूल आंवराभाटा ने स्वच्छता अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसके प्रति हमें लोगों को जागरूक करना चाहिए। ताकि हमारे आस-पास का वातावरण शुद्ध व स्वच्छ रह सके। इसके बाद प्राचार्या द्वारा उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सीआरपीएफ जवानों ने बच्चों को मिठाई वितरण किया।

Health Town

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महात्मा गांधी की जयंती पर छात्रावास में चलाया स्वच्छता अभियान



**सरोना।** जिले के प्री मैट्रिक आदर्श बालक छात्रावास सरोना में महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रावास के अधीक्षक दिनेश मरकाम, छात्रावास की स्टाफ रामचरण उपाध्याय, योगेश नेताम, मिथिलेश भास्कर, सूरज मंडावी सहित छात्रावास के सभी छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांधी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। छात्रों ने आसपास के क्षेत्रों में सफाई कार्य किया और स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। इस पहल ने सभी उपस्थित लोगों में जागरूकता फैलाने का काम किया, जिससे महात्मा गांधी की जयंती का संदेश और भी प्रभावशाली बना। छात्रावास के छात्रों ने इस अभियान के माध्यम से साबित किया कि वे गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### प्री पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रवास के बच्चों ने स्वछता अभियान चलाया



**दुर्गूकोंदल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में स्वछता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी पर प्री पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास दुर्गूकोंदल के छात्रों के द्वारा अपनी छात्रावास के आस पास साफ सफाई किया गया एवं स्वच्छता के प्रति प्रोजेक्ट एवं जन जागरूकता बताया गया, क्योंकि स्वच्छ शरीर में स्वच्छ मन का निवास होता है। छात्रावास अधीक्षक सहदेव सोनवानी ने इस अभियान का उद्देश्य स्वछता के प्रति जागरूकता करना व स्थनीय समुदाय में स्वछता का संदेश भी बताया। स्वछता हमारे जीवन का अभिन हिस्सा है, इस अभियान पर छात्रावास के सभी बच्चों ने चढ़ बढ़ कर भाग लिया और साफ सफाई किया गया।

## क्राइम: विद्युत कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की विवेचना

# बिटक्वाईन और क्रिप्टो करेंसी में अधिक लाभ बता 63 लाख से अधिक की धोखाधड़ी, दो पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




बिटक्वाईन और क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर अधिक लाभ मिलने का लालच देकर लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। धोखाधड़ी का शिकार विद्युत विभाग का कर्मचारी है। छल होने का अंदेशा होने पर कांकेर थाना में शिकायत दर्ज कराया गया, जिस पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। संभावना जताई जा रही है कि इसमें और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

थाने में शिकायत करने पहुंचे सीएसईबी कॉलोनी कांकेर निवासी 47 वर्षीय विजय कुमार मीनपाल पिता पीएल मीनपाल ने पुलिस को बताया कि विद्युत विभाग में कार्यालय सहायक ग्रेड 1 के पद पर कार्यरत है। आरोपी निर्मल सार्वा धमतरी में कचहरी चौके पास शुभम कम्प्यूटर के नाम से कार्यालय संचालित करता है। निर्मल सार्वा के बारे में मुझे मेरे मित्र हरिश सिन्हा के द्वारा परिचय कराया गया फिर मुझे निर्मल सार्वा के द्वारा औरा बिटक्वाईन के बारे में बताया गया। मेरे साथ अन्य मित्र भी प्लान देखने आए थे। सभी को आश्वस्त किया कि उसे इस क्षेत्र में लंबा अनुभव है। उनके द्वारा बताए गए प्लान के झांसे मे आकर 28 नवंबर 2021 को 40 हजार रुपए की पूंजी निवेश कर दिया। इसके बाद वह प्रति माह कांकेर में आकर प्लान दिखाया करता था। बाद में विश्वास बढ़ने पर निवेश राशि को बढ़ाते गया। शुरू में इसका नाम औरा बिटक्वाईन था, बाद में लीडर लोग छलपूर्वक इसका नाम बिग बिट बुल में बदल दिया गया और इसे हम पर थोपा गया। निर्मल सार्वा केद्वारा निवेश के लिए रिझाने के लिए बिटक्वाईन का उदाहरण दिया करता था जो 2009 में 6 रुपए था आज वह 56 लाख का हो गया है। इसी प्रकार हमारे क्रिप्टो करेंसी का रेट अभी 8 रुपए है और बहुत ही जल्दी इसका भी रेट हजारो में होने वाला है।

नेटवर्किंग मार्केटिग मे 20 वर्षों से काम कर रहा हूं, क्या अच्छा है क्या बेकार है अब सब समझ में आ गया है, डरने की कोई आवश्यकता नहीं है ऐसा बोलकर आरोपी हमेशा विश्वास दिलाया करता था। आरोपी निर्मल सार्वा 2 जनवरी 2022 को कांकेर आया और उन्होने पहले सोनसाय साहू को उपरोक्त प्लान को बताया, जिससे प्रभावित होकर उसी दिन सोनसाय ने 40 हजार रुपए निवेश किया। उसके बाद निर्मल सार्वा व 2 से 3 सीनियर लीडर मीटिंग लेने कांकेर आया करते थे। सोनसाय साहू व उनके मित्रों द्वारा आयोजित मीटिंग में निवेश करने का प्लान निर्मल सार्वा एंव उनके साथी लीडर समझाते थे। निर्मल सार्वा द्वारा लोगो को इकट्ठा करने कहा जाता था, जिसके प्रभाव में आकर मैंने और मीटिंग में उपस्थित लोगो ने निर्मल सार्वा द्वारा बताए गए खाता में उनके कहने पर कुछ राशि मेहताब आलम के बताए गए खाता क्रमांक जमा किया गया। इस प्रकार दोनों के खातों एवं फोन पे के माध्यम से 32 लाख 26 हजार 289 स्थानांतरित हुआ है। साथ ही 31 लाख 80 हजार रुपए नकद दिया गया है।

### बुलाकर देता था नए- नए आफर

*पीड़ित ने बताया कि निर्मल सार्वा द्वारा कांकेर के अलावा प्रति सप्ताह अपने धमतरी कार्यालय हमें बुलाकर प्लान दिखाया करता था और ज्यादा निवेश करे इसके लिए वह छलपूर्वक लीडरों के साथ मिलकर सांठगांठ कर नया ऑफर दिया करता था। ज्यादा निवेश करें इसके लिये कपट भावना रखते हुए स्टेटस और व्हाटसअप में तरह तरह का कमेंट डालता था। निर्मल सार्वा द्वारा ऊपर के लीडरों से मिलकर ठगी करने का षड़यत्र रचा गया है। शिकायत पर पुलिस ने निर्मल सार्वा और मेहताब आलम के खिलाफ धारा 34, 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।*

## स्वयं की लापरवाही से चालक की हुई मौत, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




अंतागढ़ थानांतर्गत हिन्दुबिनपाल के पास सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। अधिक चोट आने की वजह से घायल को रायपुर के अस्पताल में रिफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि मृतक सिकसोड़ थानांतर्गत बदरंगी निवासी 26 वर्षीय सुमन कुमार आंचले पिता शोभाराम आंचले 16 अगस्त को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 9156 से अपने घर बदरंगी जा रहा था। ग्राम हिन्दुबिनापाल के पास मोटर सायकिल को स्वयं तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से सिर में गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए 108 वाहन से अंतागढ़ अस्पताल ले जाया गया। उचित उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर करने पर जिला अस्पताल कांकेर लेकर गए। जिला अस्पताल के चिकित्सक ने रिफर किया तो रायपुर के डीकेएस अस्पताल भर्ती किया गया जहां 17 अगस्त को सुमन कुमार आंचले का इलाज के दौरान मौत हो गया। मृतक द्वारा मोटर सायकल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर देने से गंभीर चोट आने से मौत होने पर आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दो बाइक की भिड़ंत में एक घायल, वाहन क्षतिग्रस्त



**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ऊपर नीचे रोड कांकेर पास बुधवार की रात दो बाइक में भिड़ंत हो गई, जिससे एक युवक को गंभीर चोट आई व उसका वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल युवक ने कांकेर थाना में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। थाना में शिकायत करने पहुंचे साकेत नगर गोविंदपुर निवासी 41 वर्षीय शिशिर श्रीवास्तव पिता श्रीधर श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि 1 अक्टूबर को वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 9946 में सवार होकर निजी काम से कांकेर की ओर आया था। अपना काम पूरा कर वापस घर साकेत नगर जा रहा था, तभी रात लगभग 9 बजे ऊपर नीचे रोड के पास पहुंचा था कि सामने की ओर से आ रही मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएस 9038 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरी बाइक को ठोकर मार दिया, जिससे मेरा दाहिने घुटना, दाहिने हाथ की उंगली, दाहिने भाव व दहिने पसली में चोट आई है। एक्सीडेंट से मेरा वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## एनएसयूआई ने एनसीसी इकाई खुलवाने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

एनएसयूआई चारामा ने शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गोलकुम्हड़ा के प्राचार्य अंकाल राम ध्रुव को एनसीसी इकाई खुलवाने ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि हायर सेकण्डरी स्कूल गोलकुम्हड़ा में कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं और अधिकाधिक बच्चों की मांग शुरू से वहां एनसीसी इकाई प्रारंभ कराने के लिए रही है।

पूर्व में शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गोलकुम्हड़ा के बच्चे एनसीसी ए सर्टिफिकेट के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा जाया करते थे, जिससे उनके आने-जाने में उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और कई क्लासेस उनकी चूक जाया करती थी। इन सभी समस्याओं से जब एनएसयूआई के चारामा ब्लॉक अध्यक्ष रुबरु हुए तो उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गोलकुम्हड़ा के प्राचार्य से मुलाकात करके उन्हें बच्चों की समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्रातिशीघ्र एनसीसी इकाई शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गोलकुम्हड़ा में खुलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

## भंडारडिग्गी में मॉडल ग्राम सभा का किया आयोजन



**दुर्गूकोदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल में 2 अक्टूबर को विशेष ग्रामसभा के अंतर्गत मॉडल ग्रामसभा का आयोजन भंडारडिग्गी में किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पौधारोपण, पेंशनधारी, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास के बिंदुओं पर चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने ग्राम विकास एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामसभा में बैठक में पारित कर शासन को अवगत कर जनकल्याणकारी योजनाओं का जानकारी दी। राज्य के मनरेगा विभाग से मुकेश कुमार, ग्राम पंचायत भंड़ार डिग्गी के सरपंच धनेश नरेटी, ग्राम सभा अध्यक्ष लच्छू राम नरेटी, जगदेव नरेटी की उपस्थिति में यह ग्राम मॉडल ग्राम के नाम से ग्रामसभा आयोजित की गई। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी रामधन ठाकुर, बीपीएम नंदिनी दीवान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छग संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष और पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

■ हरिश्चंद्र को कोयलीबेड़ा का बनाया गया ब्लाक अध्यक्ष

विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ चुनाव के लिए शिक्षक सदन पखांजूर में बैठक आयोजित किया गया था। उक्त बैठक में कोयलीबेड़ा, इरपानार, पानवार, रेंगावाही, छोटेबेठिया, बान्दे, संगम, पखांजुर, गोण्डाहूर, कापसी, विभिन्न क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति एवं छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अशोक मृधा के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से ब्लाक पदाधिकारियों का शान्तिपूर्ण व अनूकुल वातावरण में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारिओं का चयन किया गया। बैठक में हरिश्चंद्र नेताम को ब्लाक अध्यक्ष, रुपसिंह पोटाई कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष, खोकन सिकदार कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष, सुभाष दत्ता ब्लाक उपाध्यक्ष, फरसूराम दर्रो ब्लाक उपाध्यक्ष, संजीत मजुमदार ब्लाक उपाध्यक्ष, अशोक ठाकुर ब्लाक उपाध्यक्ष, सुजन बाढ़ई, सदाराम नाग ब्लाक सचिव, सुकदेव नेताम सह सचिव, लवकुमार मण्डावी सह सचिव, तापस साहा सह-सचिव, कन्हैया लाल गोटा ब्लाक सह सचिव, जयन्त दास ब्लाक कोषाध्यक्ष, गौरचांद हालदार सह कोषाध्यक्ष, नारायण चन्द्र डे सह-कोषाध्यक्ष, बृजलाल उईके संगठन मंत्री, संतोष कुमार मार्गेन्द्र संगठन मंत्री, तारक नाथ डे संगठन मंत्री, कमल मंडल सह संगठन मंत्री, जयदेव दास सह संगठन मंत्री, रसमय विश्वास सह-संगठन मंत्री, राम प्रसाद तिग्गा प्रवक्ता, रंजीत चन्द्र सरकार प्रवक्ता, विभूति भूषण कुण्डू प्रवक्ता, अमल बाढ़ई प्रवक्ता, अहिन्द्र राय प्रवक्ता सुमा मंडल मीडिया प्रभारी, मनराखन ताराम व सेवेन्द्र नायक मीडिया प्रभारी, पुरुषोत्तम देहारी, मनराखन सिंह गोरे, सुखदेव भुआर्य, धनाजु राम आचला, नरेश राय, निलम्बर यादव, अभिजीत राय को कार्य कारणी सदस्य, महिला प्रकोष्ठ से सोनवत्ती सिन्हा ब्लाक अध्यक्ष, मिनाभ्री चक्रवर्ती, गोमती साहू, गीता खराती को ब्लाक उपाध्यक्ष, शोभा मंडल ब्लाक सचिव तथा बिकास मंडल एवं रुपदेव नेगी को जिला संगठन महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गुलाल व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

## बिरनपुर में किसानों को पौधों एवं रागी फसल प्रदर्शन पर खाद बीज किया प्रदान



**नरहरपुर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत खरीफ वर्ष 2024-25 कोदो एवं रागी फसल प्रदर्शन लाभांवित कृषकों को पावर स्प्रेयर, पेंडीमेथलीन 1 लीटर, कुल्थी फसल प्रदर्शन लाभांवित कृषकों को फफूँदीनाशक 100 ग्राम, अरहर एवं उड़द फसल प्रदर्शन लाभांवित कृषकों को पेंडीमेथलीन 1 लीटर निःशुल्क आदान सामग्री का वितरण नॉर्म्स अनुसार राधिका तारम, सरपंच ग्राम पंचायत बिरनपुर एवं दिनेश कुमार कुंजाम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर द्वारा किया गया। दिनेश कुमार कुंजाम द्वारा पावर स्प्रेयर के रख रखाव एवं जीवंत प्रदर्शन कर किसानों को दिखाया गया। वितरण कार्यक्रम में शीतू वट्टी कृषि विकास आधिकारी अमोड़ा, रोशन कुमार निषाद ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर नरहरपुर, उमेंद्र सिंह नेताम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बिरनपुर, बीरबल मरकाम किसान मित्र एवं किसान बन्धु उपस्थिति रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, कार्यक्रम में विधायक ने किया सम्मान



**कांकेर।** शासन के निर्देशानुसार 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नंदनमारा में बुलबुल शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र वृद्धाश्रम एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम की उपस्थित में किया गया। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धजनों के लिए केवल एक दिन यह आयोजन नहीं होना चाहिए, बल्कि हर दिन बुजुर्गों का सम्मान किया जाना चाहिए। इससे जीवन में खुशहाली और संपन्नता बनी रहेगी। वरिष्ठजनों के सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम में शाल, श्रीफल एवं फल वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, अरूण कौशिक, वृद्धाश्रम से बुलबुल वैद्य तथा पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश, सरपंच सतरूपा कांगे सहित समाज कल्याण से क्षमा शर्मा एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा रथ को डॉ. सुनील ने हरी झंडी दिखाया और किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ विद्यार्थियों के लिए क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन

■ विजेता किए गए पुरस्कृत



गांधी जयंती पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में कुष्ठ जागरूकता दिवस शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केन्द्र ईमलीपारा कांकेर में मनाया गया। लोगों में कुष्ठ रोग के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. सुनील कुमार सोनी द्वारा कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शांडिया ने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कुष्ठ के प्रारंभिक लक्षण व कुष्ठ रोग के रामबाण दवाई एमडीटी के संबंध में प्रत्येक जन को जागरूक होने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों में कुष्ठ के संबंध में ज्ञान बढ़ाने क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मुमेन्टो प्रदाय किया गया। रैली निकालकर गांधी के कुष्ठ रोगियों के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए उनका कुष्ठमुक्त भारत के सपना को साकार करने का लक्ष्य भी रखा गया। जिला कुष्ठ सलाहकार डॉ. अरख राम बघेल ने बताया कि जिले में 2 से 16 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के समस्त मिडिल स्कूल से हायर सेकण्ड्री स्कूलों, कॉलेजों एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में कुष्ठ रोग के संबंध में जन-जागरूकता हेतु जानकारी दी जा रही है।

### चिकित्सक से होगा सत्यापन करेंगे निशुल्क इलाज

*साथ ही लक्षण के आधार पर संभावित कुष्ठ रोगियों की सूची तैयार कर उन्हें नजदिकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक से सत्यापन के लिए भेजा जाएगा, तदुपरांत जांच एवं उपचार पूर्णतः निःशुल्क किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्राचार्य सुरीला जैन, समस्त स्टॉफ व प्रशिक्षणार्थियों उपस्थित रहे।*

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर